हापुड़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

प्रेस नोट

थाना - सिम्भावली **दिनांक:- 10-12-2024**

- **थाना सिम्भावली पुलिस टीम ने ग्राम बक्सर निवासी साहिल हत्याकांड का सफल अनावरण करते हुए दोनों हत्यारोपी दोस्तों को किया गिरफ्तार ।**
- **जिनके कब्जे/निशानदेही से आलाकत्ल डण्डे के टुकड़े व मृतक का मोबाइल फोन, चप्पल आदि बरामद ।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण व मृतक आपस में दोस्त थे, जो अक्सर एक साथ खाते-पीते थे तथा दिनांक 07-12-2024 को अभियुक्तों द्वारा शराब का सेवन करने के दौरान गाली-गलौज करने से क्षुब्द होकर साहिल की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था ।**

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 08.12.2024 को वादी चांद द्वारा अपने भाई साहिल के घर से कहीं चले जाने के सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी, परन्तु कुछ समय पश्चात वादी चांद द्वारा तहरीर दी गई कि उसके भाई को दानिश व चिराग नाम के 02 लड़के अपने साथ कहीं ले गए है जिनके द्वारा संभवतः कोई घटना कारित की गई है। दिनांक 09.12.2024 को साहिल का शव जंगल ग्राम वैट में मिला था। उक्त सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था तथा घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी/अनावरण करने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टीमें गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे।

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 328/24 **धारा** 103(1), 238, 3(5) **बीएनएस** का सफल अनावरण करते हुए दोनों हत्यारोपी दोस्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से आलाकत्ल डण्डे के टुकड़े व मृतक का मोबाइल फोन, चप्पल आदि बरामद हुए है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का स्थान - रजापुर नहर पुलिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. चिराग पुत्र बिजेन्द्र उर्फ संजीव निवासी मौ0 महन्त वाला ग्राम बक्सर थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
2. दानिश पुत्र जाकिर निवासी मौ0 सक्को वाली गली ग्राम बक्सर थाना सिम्भावली जनपद हापुड।

बरामदगी का विवरणः-

1. लकडी के डन्डे के टुकडे रक्तरंजित (घटना में प्रयुक्त)।
2. मृतक का मोबाइल फोन, चप्पल।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1- प्रभारी निरीक्षक श्री श्योपाल सिंह थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
2- उ0नि0 यूटी श्री अशोक कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
3- उ0नि0यूटी श्री रजत शर्मा थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
4- हे0का0 848 राजीव शर्मा थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
5- हे0का0 595 फरमान अली थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
6- हे0का0 614 आदेश कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
7- का0 247 अंकित कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
8- का0 770 योगेश कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
9- म0हे0का0 871 रुबी मलिक थाना सिम्भावली जनपद हापुड।